# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2016 - 2017

## Second Language - HINDI

PART - A & B

Class : VII    Max. Marks : 80    Time : 2.45 Mts.

सूचना : 1) प्रश्न पत्र पढने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है ।
2) प्रश्न पत्र लिखने के लिए 2.30 घंटे का समय निर्धारित है ।
3) भाग 'A' के प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।
4) भाग 'A' के लिए दो (2) घंटे का समय निर्धारित है ।

Marks : 60 ]    PART – A

I. 1. निम्न लिखित गद्यांश पढकर दिए गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए ।

एक खरगोश था । वह पेड के नीचे सो रहा था । अचानक ज़ोर की आवाज़ हुई – "धम्म" । खरगोश ने इधर - उधर देखा । उसे कुछ दिखायी नहीं दिया । उसे लगा कि, आसमान गिर रहा है । खरगोश डर गया और भागने लगा ।

5 X 1 = 5

प्रश्न :

1. खरगोश कहाँ सो रहा था ?
2. अचानक कैसी आवाज़ हुई ?
3. खरगोश को क्या दिखायी दिया ?
4. खरगोश भागने लगा । क्यों ?
5. यह गद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

2. नीचे दिया गया गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर कोष्टक में लिखिए ।

अच्छे व्यवहार को शिष्टाचार कहते हैं । विनम्रता शिष्टाचार की पहली शर्त है । हमें सदा माता - पिता, अध्यापकों और बडों का आदर करना चाहिए । उनके साथ विनम्रता पूर्वक व्यवहार करना चाहिए । जो विनम्र होता है, उसे विद्या प्राप्त होती है । इसलिए विद्यार्थी को विनम्र होना जरूरी है ।

5 X 1 = 5

प्रश्न :

1. कैसे व्यवहार को शिष्टाचार कहते हैं ।    [ ]
   A) अच्छे    B) सच्चे    C) सुंदर    D) बुरे
2. शिष्टाचार की पहली शर्त क्या है ?    [ ]
   A) सफलता    B) विनम्रता    C) मानवता    D) नागरिकता

[ Turn Over...

3. हमें सदा किनका आदर करना चाहिए ? [ ]

A) बच्चों का B) बड़ों का C) मित्रों का D) भक्तों का

4. किसको विनम्र होना जरूरी है ? [ ]

A) औरतों को B) बूढों को C) विद्यार्थी को D) जानवरों को

5. विद्या किसे प्राप्त होता है ? [ ]

A) जो धनवान है B) जो बलवान है

C) जो बडा है D) जो विनम्र है

**3. नीचे दिया गया पद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।**

जग में सबसे न्यारा देश,
अपना प्यारा भारत देश ।
हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई
की आँखों का तारा देश ।
ऊँचे शिखरों वाला देश
चंचल नदियों वाला देश ।

**प्रश्न :** **5 X 1 = 5**

1. कौन - सा देश जग में सब से न्यारा है ?
2. शिखर कैसे हैं ?
3. इस पद्यांश में किन धर्मों के नाम आये हैं ?
4. भारत में बहनेवाली नदियों के नाम लिखिए ?
5. यह पद्यांश किस पाठ से दिया गया है ?

**4. नीचे दिया गया पद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर कोष्टक में लिखिए ।**

कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं,
बाद अमृत पिलाने से क्या लाभ है ?
कभी गिरते हुओं को उठाया नहीं,
बाद आँसू बहाने से क्या लाभ है ?
कभी माँ - बाप की सेवा की ही नहीं,
बाद मंदिर बनाने से क्या लाभ है ?

**प्रश्न :** **5 X 1 = 5**

1. प्यासे को क्या पिलाना चाहिए ? [ ]

A) अमृत B) शरबत C) पानी D) चाय

**[ Contd...3**

2. किसको उठाना चाहिए ? [ ]

A) रोते हुओं को B) खाते हुओं को

C) सोते हुओं को D) गिरते हुओं को

3. किसकी सेवा करनी चाहिए ? [ ]

A) माँ - बाप की B) मित्रों की C) जानवरों की D) देवों की

4. 'लाभ' का विलोम शब्द क्या है ? [ ]

A) कष्ट B) नष्ट C) सुख D) दुख

5. आँसू कहाँ से आते हैं ? [ ]

A) मुँह से B) नाक से C) आँख से D) कान से

**II. नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए ।** **6 X 3 = 18**

5. भारत में कैसी फसलें होती हैं ?
6. पतंग की तरह हवा में क्या-क्या उड़ सकते हैं ?
7. हिंदी सीखने से क्या - क्या लाभ हैं ?
8. अमर और पेड़ की दोस्ती के बारे में लिखिए ।
9. हिंदी कार्यक्रम किन - किन चैनलों पर देख सकते हैं ?
10. खरगोश के पीछे कौन - कौन भाग रहे थे ? क्यों ?

**III. किसी एक प्रश्न का उत्तर 6 - 8 वाक्यों में दीजिए ।** **1 X 6 = 6**

11. "मन करता है" कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।
12. हमारा देश किन - किन कारणों से सुंदर लगता है ?

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर 6 - 8 वाक्यों में दीजिए ।** **1 X 6 = 6**

13. पेड़ से हमें क्या - क्या लाभ हैं ?
14. हिंदी सीखने केलिए तुम क्या - क्या करोगे ?

[ Turn Over...

V. नीचे दिये गये प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए । 1 X 5 = 5

15. अपनी दीदी की शादी में शामिल होने केलिए तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

16. अपने मामा के घर जाने के लिए दो दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानध्यापक के नाम पत्र लिखिए ।

VI. नीचे दिये गये प्रश्नों में से किसी एक के बारे में लिखिए । 1 X 5 = 5

17. हिंदी दिवस के बारे में तुम क्या जानते हो ?

18. अपनी पाठशाला के बारे में लिखिए ।

Regd. No. : [ ] **8-A** Marks : [ ]

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2016 - 2017

## Second Language - HINDI

### PART - B

**CLASS : VII** **Max. Marks : 20**

Name of the Student : ........................................ Roll No : .......... Section : ................

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वरचना | सृजनात्मकता | | |
| कुल अंक | 20 | 30 | 10 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | | |
| श्रेणी | | | | | |

सूचना : 1. भाग 'B' प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न पत्रिका में ही लिखिए ।
2. भाग 'B' के लिए आधे (½) घंटे का समय निर्धारित है ।

विशेष सूचना :
1. सभी प्रश्नों के अंक समान है ।
2. 1 से 20 तक उचित उत्तर का अक्षर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए ।
3. काटे हुए या बदले हुए उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे ।

---

**निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए ।** 20 X 1 = 20

1. एक चिडिया थी । - (रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए ।) [ ]
A) पतंग B) तितली C) पक्षी D) पशु

2. बिल्ली चूहे की तलाश करती है । [ ]
(रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए ।)
A) खेल B) खाना C) खोज D) देखना

3. हमारे घर के आग पेड़ है । [ ]
(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए ।)
A) ऊपर B) नीचे C) पीछे D) अंदर

4. जो सच्चा है, वह अच्छा है । - [ ]
(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए ।)
A) झूठा B) मोटा C) नाटा D) कच्चा

[ Turn Over...

5. आपको धनयवाद है । - [ ]

**(रेखांकित शब्द की सही वर्तनी पहचानिए ।)**

A) दान्यवाद B) धन्यवाद C) दन्यवाद D) धान्यवाद

6. कल एक विशेष कार्यकरम है । - [ ]

**(रेखांकित शब्द की सही वर्तनी पहचानिए ।)**

A) कार्यक्रम B) कर्यक्रम C) कारयक्रम D) कर्यकरम

7. निम्न लिखित शब्दों में से बेमेल शब्द पहचानिए । [ ]

A) गुलाब B) चमेली C) कमल D) नारियल

8. निम्न लिखित शब्दों में से बेमेल शब्द पहचानिए । [ ]

A) कबूतर B) मोर C) शेर D) हंस

9. 'उन्नीस' को अंकों में लिखिए । [ ]

A) 29 B) 19 C) 9 D) 39

10. 25 को अक्षरों में लिखिए । [ ]

A) पैंतीस B) पंद्रह C) पचास D) पच्चीस

11. अध्यापक पाठ पढाते हैं । **(रेखांकित शब्द का स्त्री लिंग रूप पहचानिए ।)** [ ]

A) अध्यापिका B) बालिका C) अध्यापकी D) प्रधानध्यपिका

12. सप्ताह में कितन दिन होते हैं । **(सही संख्या पहचानिए ।)** [ ]

A) 30 B) 24 C) 7 D) 60

13. वन में आम के पेड़ हैं । [ ]

**(रेखांकित शब्द का बहुवचन रूप क्या है ?)**

A) पेडों B) पेडे C) पेड़ D) पेडियाँ

14. वह अच्छा लड़का है । **(रेखांकित शब्द का बहुवचन रूप क्या है ?)** [ ]

A) हम B) ये C) वे D) यह

15. सबसे पहले खरगोश ने कहा था । **(संज्ञा शब्द पहचानिए ।)** [ ]

A) पहले B) खरगोश C) सबसे D) ने

[Contd...3

16. आप कहाँ जा रहे हैं ? (सर्वनाम शब्द पहचानिए ।) [ ]

A) कहाँ B) जा C) हैं D) आप

17. भारत विशाल देश है । (विशेषण शब्द पहचानिए ।) [ ]

A) भारत B) विशाल C) देश D) है

18. सूरज आसमान में दौडता है । (क्रिया शब्द पहचानिए । ) [ ]

A) दौडता है B) आसमान C) सूरज D) में

19. शुद्ध रूप पहचानिए । [ ]

A) तुम भाषण में क्या कहेंगी ?

B) तुम भाषण में क्या कहेगा ?

C) तुम भाषण में क्या कहूँगी ?

D) तुम भाषण में क्या कहोगी ?

20. सही क्रम पहचानिए । [ ]

A) सब पेड़ उस के नीचे वे गये ।

B) वे के नीचे सब पेड़ उस गये ।

C) वे सब उस पेड़ के नीचे गये ।

D) उस पेड़ सब के नीचे वे गय ।